संख्या- 10/2018/4144/33-2-2018-214जी/18

प्रेषक,

जितेन्द्र बहादुर सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, फतेहपुर।

पंचायती राज अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 10 सितम्बर, 2018

विषय- जिला निधि से विकास कार्यों हेतु जिला पंचायत, फतेहपुर को धनराशि स्वीकृत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अध्यक्ष, जिला पंचायत, फतेहपुर के पत्र संख्या-220/जि0पं0/2018-19, दिनांक 01-06-2018 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जिला पंचायत, फतेहपुर के क्षेत्रान्तर्गत विकास कार्य कराये जाने हेतु जिलानिधि की रक्षित धनराशि में से रू0 5.00 करोड की धनराशि के आहरण हेतु स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अध्यक्ष, जिला पंचायत, फतेहपुर द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त निजी स्रोतो से अर्जित आय को व्यय करने विषयक पंचायती राज अनुभाग-2 के शासनादेश दिनांक 15-10-1994 में दी गई व्यवस्था के अधीन जिला पंचायत, फतेहपुर की जिलानिधि की रक्षित धनराशि में से रू0 5.00 करोड की धनराशि जिला पंचायत, फतेहपुर के क्षेत्रान्तर्गत कराये जाने वाले विकास कार्यों हेतु नियमानुसार व्यय किये जाने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की जाती है।

कृपया इस संबंध में अविलम्ब आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

जितेन्द्र बहादुर सिंह
विशेष सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- अध्यक्ष, जिला पंचायत, फतेहपुर।
2- जिलाधिकारी, फतेहपुर।
3- वित्तीय परामर्शदाता, जिला पंचायत, फतेहपुर।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

अवधेश कुमार खरे
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in